

প্রিয় সহকর্মীবৃন্দ, কর্মচারীবৃন্দ এবং ইসিএল পরিবারের সদস্যবৃন্দ,

আন্তর্জাতিক শ্রমিক দিবস ২০২৬ এর এই প্রভাবশালী এবং গুরুত্বপূর্ণ দিন উপলক্ষে আমি ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেড পরিবারের প্রতিটি সদস্যকে জানাই আন্তরিক শুভেচ্ছা ও গভীর কৃতজ্ঞতা। এই দিনটি সকল ক্ষেত্রের শ্রমিকদের অদম্য মনোবল, নিষ্ঠা ও কঠোর পরিশ্রমের প্রতি শ্রদ্ধা নিবেদনের প্রতীক, এবং একই সঙ্গে আমাদের প্রতিষ্ঠানের মেরুদণ্ডস্বরূপ প্রতিটি ব্যক্তির অমূল্য অবদানকে যথাযথভাবে স্বীকৃতি দেওয়ার এক গুরুত্বপূর্ণ মুহূর্ত।

ইসিএলে আমাদের কর্মশক্তি যার মধ্যে নিয়মিত কর্মচারী, চুক্তিভিত্তিক শ্রমিক এবং সহায়ক কর্মীরা অন্তর্ভুক্ত ক্রমবর্ধমান চ্যালেঞ্জের মধ্যেও ধারাবাহিকভাবে দৃঢ়তা, শৃঙ্খলা ও অঙ্গীকার প্রদর্শন করেছে। আপনাদের সম্মিলিত প্রচেষ্টা কেবল আমাদের সংস্থার উন্নয়নকেই এগিয়ে নিয়ে যাচ্ছে না, বরং দেশের জ্বালানি নিরাপত্তায়ও গুরুত্বপূর্ণ অবদান রাখছে। আজ আমরা যে প্রতিটি সাফল্য উদযাপন করছি, তা আপনাদের অবিচল নিষ্ঠা ও দায়িত্ববোধেরই প্রতিফলন।

২০২৫-২৬ অর্থবছরটি ইসিএলের জন্য উল্লেখযোগ্য অগ্রগতি, রূপান্তর ও সংহতির সময়কাল হিসেবে চিহ্নিত হয়েছে। পরিচালন, প্রযুক্তিগত, সামাজিক, পরিবেশগত এবং প্রশাসনিক ক্ষেত্রে আমরা গুরুত্বপূর্ণ সাফল্য অর্জন করেছি। এই অর্জনসমূহ আমাদের সম্মিলিত উৎকর্ষ সাধনের অঙ্গীকারের প্রতিফলন, যা অন্তর্ভুক্তিমূলক, টেকসই ও কর্মী-কেন্দ্রিক উন্নয়নের লক্ষ্যে পরিচালিত।

পরিচালন ক্ষেত্রে, সংস্থাটি ২০২৫-২৬ অর্থবছরে সর্বোচ্চ ৫২.০৮৫ মিলিয়ন টন কয়লা উৎপাদন করেছে, যা পূর্ববর্তী বছরের তুলনায় ইতিবাচক বৃদ্ধি নির্দেশ করে। ওভারবার্ডেন অপসারণে ১৯৩.৮৪৩ মিলিয়ন ঘনমিটার অর্জিত হয়েছে, যা নির্ধারিত লক্ষ্যের ১২২.৬৯%, ফলে কার্যক্ষমতা ও সক্ষমতার উন্নতি প্রতিফলিত হয়েছে। ইসিএল মোট পুঁজি ব্যয়ের ক্ষেত্রে ১৩৬৮.৩৪ কোটি টাকার অর্জন করেছে যা ১২২৫ কোটি টাকার লক্ষমাত্রাকে অতিক্রম করে গেছে যা বার্ষিক লক্ষ্যের ১১১.৭০% এর চেয়েও বেশি।

এই বছরের অন্যতম প্রধান সাফল্য হলো উল্লেখযোগ্য ২৬৪.৭৫ একর জমি সফল ভাবে অধিগ্রহণ করা, যা ভবিষ্যৎ সম্প্রসারণে সহায়ক হবে। এর পাশাপাশি অন্তর্ভুক্তি মূলক উন্নয়নের (Inclusive development) প্রতি আমাদের অঙ্গিকার অটুট রয়েছে। পুনর্বাসন ও পুনঃস্থাপন নীতির আওতায় ২৫৬ জন ভূমিহারাদের কর্মসংস্থান প্রদান করা হয়েছে, এটি শিল্পোন্নয়নের পাশাপাশি সামাজিক দায়বদ্ধতা রক্ষার ক্ষেত্রে আমাদের সুষম দৃষ্টিভঙ্গিরই প্রতিফলন।

এই প্রেক্ষাপটে এককালীন ভূমি অধিগ্রহণ (OTLA) নীতির প্রবর্তন, একটি গুরুত্বপূর্ণ সংস্কার হিসেবে বিবেচিত হয়েছে। ভূমিদাতাদের কর্ম সংস্থানের পরিবর্তে এককালীন থোক টাকা বা ক্ষতিপূরণ অথবা বার্ষিক ভাতা (Annuity benefits) বিকল্প প্রদানের মাধ্যমে এই নীতি ভূমি অধিগ্রহণের দীর্ঘস্থায়ী চ্যালেন্জ গুলো মোকাবিলা করছে, যাতে স্বচ্ছতা বৃদ্ধি এবং প্রক্রিয়া সহজতর করেছে।

প্রযুক্তিনির্ভর প্রশাসনিক উন্নয়নের অংশ হিসেবে COALRR ডিজিটাল সিস্টেম (পর্যায়-II) চালু করা হয়েছে, যা ক্ষতিপূরণ, কর্মসংস্থান ও পুনর্বাসন প্রক্রিয়ার ট্র্যাকিং নিশ্চিত করে যার সহায়তায় প্রজেক্ট অফেক্টেড ফ্যামিলি (PAF) কার্ড প্রদান করা হচ্ছে। এই ধরনের উদ্যোগ গুলো অংশীদারদের সাথে উন্নত যোগাযোগ এবং দায়বদ্ধতা বজায় রাখার ক্ষেত্রে প্রযুক্তিকে কাজে লাগানোর প্রতি আমাদের অঙ্গিকারকেই নিশ্চিত করে।

ইসিএল-এর কল্যাণ ও সম্প্রদায় উন্নয়ন-কেন্দ্রিক দৃষ্টিভঙ্গি কোম্পানির অগ্রাধিকারগুলির মধ্যে ধারাবাহিকভাবে শীর্ষস্থান ধরে রেখেছে। গোড্ডা জেলার মহাগামায় ৩০০ শয্যার হাসপাতাল নির্মাণের কাজ অব্যাহত গতিতে এগিয়ে চলেছে, যার জন্য ইতিমধ্যেই গুরুত্বপূর্ণ আর্থিক সহায়তা প্রদান করা হয়েছে। এই প্রকল্পটি ওই অঞ্চলের স্বাস্থ্য পরিষেবার অবকাঠামোকে উল্লেখযোগ্যভাবে শক্তিশালী করবে বলে আশা করা হচ্ছে, যার ফলে কর্মচারীদের পাশাপাশি স্থানীয় সম্প্রদায়গুলিও উপকৃত হবে।

এর পাশাপাশি ক্ষেত্রে গুলিতে ডিজিটাল ডিসপেনসারির স্থাপনের মাধ্যমে প্রত্যন্ত এলাকায় উন্নত স্বাস্থসেবা ও চিকিৎসা পরিষেবা সহজলভ্য হয়েছে।এই সুবিধা গুলি বিশেষ ভাবে দূরবর্তী অঞ্চলে স্বাস্থসেবা নিশ্চিত করতে সহায়ক হয়েছে যার ফলে আমাদের স্বাস্থসেবা ব্যবস্থা আরো উন্নত হয়েছে।

শিক্ষা ও ভবিষ্যৎ প্রজন্মের প্রতি আমাদের অঙ্গিকার সমানভাবে দৃঢ় ও অটুট রয়েছে। শিক্ষাক্ষেত্রে ডিএভি বিদ্যালয়গুলি কে আর্থিক সহায়তা প্রদান করা হয়েছে যা আমাদের কর্মচারীদের সন্তানদের পাশাপাশি নিকটবর্তী এলাকার শিশু ও কিশোর কিশোরীদের ও উপকৃত করছে। এছাড়া মেধাবী ছাত্রছাত্রীদের বৃত্তি প্রদান আমাদের দীর্ঘমেয়াদি সামাজিক উন্নয়নের প্রতিশ্রুতিকে প্রতিফলিত করে।

বিভিন্ন স্থানে পরিষ্কার পানীয় জলের সুবিধা নিশ্চিত করতে RO প্ল্যান্ট ও ওয়াটার এটিএম স্থাপন করা হয়েছে, যা জীবনমান উন্নয়নে সহায়ক হয়েছে। এটি সামগ্রিক সম্প্রদায়কল্যাণের প্রতি আমাদের প্রতিশ্রুতিবদ্ধ দৃষ্টিভঙ্গির প্রতিফলন।

ইসিএল দ্বারা স্বাস্থ্য, ক্রীড়া ও সামাজিক সম্প্রীতি বৃদ্ধির লক্ষ্যে বিভিন্ন কর্মসূচি, যেমন ক্রীড়া প্রতিযোগিতা, স্বচ্ছতা অভিযান এবং জনহিতকর কর্মসূচী আয়োজন করা হয়েছে। কর্মচারীদের সন্তানদের জন্য ১০ দিন ব্যাপী গ্রীষ্মকালীন শিবির (Summer Camp) বিভিন্ন সৃজনশীলতার সামগ্রিক বিকাশে উৎসাহিত করেছে। আন্তর্জাতিক যোগ দিবস উদযাপন কর্মীদের শারীরিক ও মানসিক সুস্থতার গুরুত্বকে তুলে ধরেছে।

অন্তর্ভুক্তিকরণ এবং সক্রিয় অংশগ্রহণের উপর বিশেষ গুরুত্ব দেওয়া হয়েছে। মহিলা পরিবারের সদস্য ও চুক্তি ভিত্তিক কর্মীদের স্বতঃ স্ফূর্ত অংশ গ্রহণে আয়োজিত ক্রীড়া প্রতিযোগিতাগুলো ইসিএল পরিবারের মধ্যে একতা, মনোবল ও আপনত্বের বোধকে আরও সুদৃঢ় করেছে।

মানব সংসাধন, উন্নয়নের ক্ষেত্রে ইসিএল এর অগ্রগতির অন্যতম প্রধান স্তম্ভ হয়ে রয়েছে। ২০২৫-২৬ বিত্তীয়বর্ষে রেকর্ড সংখ্যক ৩১০৮ জন কর্মচারীর পদোন্নতি প্রদান করা হয়েছে। যা গত পাঁচ বছরের মধ্যে সর্বাধিক এবং এই দক্ষ মানবসম্পদের যথাযথ ব্যবহার নিশ্চিত করতে বিভিন্ন ক্ষেত্রে বিশেষ উদ্যোগ গ্রহণ করা হয়েছে।

দক্ষ জনশক্তির কার্যকর ব্যবহার নিশ্চিত করতে একটি সুসংগঠিত উদ্যোগ গ্রহণ করা হয়। বোর্ডের অনুমোদনের পর মানবসম্পদের সর্বোত্তম ব্যবহার নিশ্চিত করার লক্ষ্যে ৩৮৭ জন উচ্চ যোগ্যতাসম্পন্ন কর্মীকে সনাক্ত ও যাচাই করা এবং তাঁদের আইন, সিভিল, বিদ্যুৎ, যান্ত্রিক, ই অ্যান্ড টি, সিস্টেম, অর্থ, হিন্দি এবং প্যারামেডিক্যাল পরিষেবার মতো গুরুত্বপূর্ণ ক্ষেত্রে নিয়োগ করা হয়।

DGMS নীতিমালা যথাযত ভাবে অনুসরণের লক্ষে Encadrement র মাধ্যমে সংবিধি বদ্ধ অনুপালন নিশ্চিতকরণে উল্লেখ যোগ্য সাফল্য অর্জিত হয়েছে। এই প্রক্রিয়ায় ৭৯ জন মাইনিং সর্দার কাম সট ফায়রার এবং ১৫ জন সার্ভিয়ার কে উপযুক্ত গ্রেড দিয়ে নিযুক্ত করা হয়েছে। জমি সংক্রান্ত কাজ পরিচালনার জন্য ৪৭ আমিন প্রশিক্ষপ্রার্থী (আমিন ট্রেনি) নির্বাচন করা হয়েছে। নিরাপত্তা ব্যবস্থার জন্য প্রশিক্ষপ্রার্থী হিসাবে ১৫৭ জন কর্মচারী কে নিযুক্ত করা হয়েছে।

সকল নন এগজিকিউটিভ কর্মচারীদের সার্ভিস বুক (আপডেট) করার জন্য প্রথমবার উদ্যোগ গ্রহণ করা হয়ছে। মোট ৪৪,৬৫৩ টি নথির মধ্যে এ পর্যন্ত ২৭,৭৬৯ টি নথি সফল ভাবে আপডেট করা হয়ছে। যার ফলে স্বচ্ছতা, নির্ভুলতা এবং কর্মীদের সন্তুষ্টি বৃদ্ধি পেয়েছে; পাশাপাশি অবসর-পরবর্তী বিরোধও উল্লেখযোগ্যভাবে কমেছে।

সহজ স্থানান্তর, অনুপস্থিতির সমস্যার সমাধান এবং আবাসিক পরিস্থিতির উন্নতির মতো সক্রিয় উদ্যোগগুলোর সহায়তায় শিল্প-সম্পর্ক সৌহার্দ্যপূর্ণ রয়েছে। এই গুরুত্বপূর্ণ প্রচেষ্টাগুলি একটি স্থিতিশীল ও উৎপাদনশীল কর্মপরিবেশ গঠনে উল্লেখযোগ্য অবদান রেখেছে।

ইসিএল উন্নত আইনি ব্যবস্থাপনার মাধ্যমে সুশাসনকে সুদৃঢ় করেছে, যেখানে মামলাজনিত বিষয়ে ৮২% বেশি সাফল্য অর্জিত হয়েছে। আইনি ব্যবস্থার ডিজিটালাইজেশন এবং সক্রিয় বিরোধ নিষ্পত্তি ব্যবস্থার মাধ্যমে দীর্ঘসূত্রিত মামলার সংখ্যা হ্রাস পেয়েছে এবং কার্যদক্ষতা বৃদ্ধি পেয়েছে। আইনি সহায়তা শিবিরের আয়োজন করা হয়েছে এবং ব্যক্তিগত মামলাগুলির বিস্তারিত পর্যালোচনার মাধ্যমে দ্রুত নিষ্পত্তি ও পেন্ডিং মামলা হ্রাসে বিশেষ গুরুত্ব দেওয়া হয়েছে। এই লক্ষ্যভিত্তিক প্রচেষ্টার ফলে মামলার নিষ্পত্তিতে উৎসাহব্যঞ্জক ও ইতিবাচক ফলাফল পাওয়া গেছে।

উদ্ভাবন ও টেকসই খনন পদ্ধতিতে ইসিএল অগ্রণী ভূমিকা পালন করছে। কস্তা ওয়েস্ট ব্লকে আন্ডারগ্রাউন্ড কোল গাসিফিকেশন (UGC) প্রকল্পের প্রথম পর্যায় সফল ভাবে সম্পন্ন হয়েছে এটি ভারতের কয়লা শিল্পে একটি যুগান্তকারি পদক্ষেপ। এর পাশাপাশি কন্টিনিউয়াস মাইনর প্রযুক্তি এবং উন্নত সরঞ্জামের ব্যাবহার উৎপাদনশীলতা ও দক্ষতা বৃদ্ধিতে বিশেষ ভূমিকা রেখেছে।

খনি বন্ধ পরিকল্পনা এবং নিয়ন্ত্রক সম্মতির ক্ষেত্রে গুরুত্বপূর্ণ অগ্রগতি অর্জিত হয়েছে। ত্রিপক্ষীয় অডিটের পর সংশোধিত খনি বন্ধ পরিকল্পনাগুলি প্রস্তুত করে উপস্থাপন করা হয়েছে, যার মাধ্যমে পরিবেশগত ও আইনি প্রয়োজনীয়তার সাথে সামঞ্জস্য নিশ্চিত

করা হয়েছে। এসক্রো ব্যবস্থার মাধ্যমে আর্থিক প্রয়োজনীয়তাও নিশ্চিত করা হয়েছে, যা দায়িত্বশীল ও টেকসই খনন কার্যক্রমের প্রতি আমাদের অঙ্গীকারকে আরও সুদৃঢ় করে।

পরিবেশ সংরক্ষণে ৯১ হেক্টর জমিতে ২.২২ লক্ষের বেশি চারা গাছ রোপণ করা হয়েছে। মিয়াবাকী পদ্ধতিতে বৃক্ষরোপণ, ড্রোন ভিত্তিক বনায়ন, প্রযুক্তি ব্যাবহার করা হচ্ছে। আধুনিক দূষণ নিয়ন্ত্রণ ব্যবস্থা, ফগ কেনন (Fog Cannon) এবং টেকসই খনন পদ্ধতি বাস্তবায়ন করা হয়েছে। রোড স্বইপিং (Road Sweeping) যন্ত্র, মনিটরিং সিস্টম সর্বক্ষণিক পরিবেশগত পরিবর্তনের ওপর নজরদারি জন্য উন্নত প্রযুক্তি।

পরিকাঠামো উন্নয়নে ডালমিয়া রেলওয়ে সাইডিং (০৬ MTY ক্ষমতা সম্পন্ন) চালু করা হচ্ছে যা কয়লা পরিবহনে লজিস্টিক ব্যবস্থাকে  আর শক্তিশালী করেছে। কর্মীদের কল্যাণ এবং প্রাতিষ্ঠানিক পরিকাঠামো উন্নয়ন বৃদ্ধির লক্ষে ঝালবাগানে অধিকারী হোস্টেল, ৫০০ আসনের একটি অডিটোরিয়ামের নির্মাণ কার্য চলছে এবং একটি রাষ্ট্রীয় স্তরের ইনডোর ব্যাডমিন্টন কোর্ট চালু করা হয়েছে। এই উন্নয়ন গুলো উন্নত লজিস্টিক সুবিধা, উন্নত জীবন যাত্রার মান বৃদ্ধিতে অবদান রেখেছে।

ইসিএল এর নিরাপত্তার প্রতি প্রতিশ্রুতি অটল রয়েছে। আমি অত্যন্ত আনন্দের সাথে জানতে চাই যে এই বছরে দুর্ঘটনা এবং প্রাণহানির সংখ্যা উল্লেখ যোগ্য ভাবে কমেছে। উন্নত মনিটরিং ব্যবস্থা, সরঞ্জাম এবং প্রশিক্ষণ কর্মসূচী সহ নিরাপত্তা পরিকাঠামোতে সুনির্দিষ্ট বিনিয়োগ ইতিবাচক ফলাফল বয়ে এনেছে। রাষ্ট্রীয় ডিজাস্টর রেসপন্স ফোর্স (NDRF) এর সাথে সহযোগিতা সহ উন্নত প্রশিক্ষণ কর্মসূচির মাধ্যমে উদ্ধার কাজের প্রস্তুতি শক্তিশালী করা হয়েছে। প্রথমবার একটি সর্ব-মহিলা দল অল-ইন্ডিয়া খনি উদ্ধার প্রতিযোগিতায় অংশগ্রহণ করেছে, যা বিশেষ ভাবে উল্লেখনিয়। কাজোড়ায় একটি মডেল স্টোর স্থাপন করা একটি প্রগতিশীল মাইলফলক, যা সম্পূর্ণভাবে মহিলা কর্মীবাহিনী দ্বারা পরিচালিত। এটি নারীর ক্ষমতায়ন এবং অন্তর্ভুক্তিমূলক কর্মপরিবেশকে উৎসাহিত করার ক্ষেত্রে ইসিএলের অঙ্গীকারকে পুর্নব্যক্ত করে।

কোম্পানিতে ডিজিটাল রূপান্তরকে দ্রুতগতিতে এগিয়ে নেওয়া হয়েছে। একীভূত কমান্ড ও কন্ট্রোল সেন্টার (ICCC), বিস্তৃত সিসিটিভি কভারেজ, ভিডিও অ্যানালিটিক্স এবং ট্রিজ্জঙ্গ-ভিত্তিক সিস্টেমের মাধ্যমে কেন্দ্রীভূত পর্যবেক্ষণ ও কার্যক্রম নিয়ন্ত্রণ আরও সুদৃঢ় করা হয়েছে। ঝাঁঝরায় ভূগর্ভস্থ 5G/LTE পাইলট প্রকল্প পরবর্তী প্রজন্মের খনন প্রযুক্তির দিকে একটি গুরুত্বপূর্ণ পদক্ষেপ, যা উন্নত যোগাযোগ, ট্র্যাকিং এবং স্বয়ংক্রিয়করণকে সক্ষম করে। ঝাঁঝরা অঞ্চলের গভীর ভূগর্ভস্থ খনিতে কাজের পরিবেশ আরও উন্নত করার লক্ষ্যে মাইন কুলিং পরিষেবার অধীনে বাল্ক এয়ার হ্যান্ডলিং সিস্টেম এবং ওয়াটার-কুলড চিলড এয়ার প্ল্যান্ট স্থাপনের কাজ শুরু হয়েছে, যা কর্মস্থলের আরাম, পরিচালন দক্ষতা এবং নিরাপত্তাকে উল্লেখযোগ্যভাবে বৃদ্ধি করবে।

ভূগর্ভস্থ খনিতে চেয়ার লিফ্ট ম্যান রাইডিং সিস্টেম স্থাপনের মতো সহায়তার ব্যবহারে শ্রমিকদের কর্মদক্ষতা বৃদ্ধি পাচ্ছে এবং শারীরিক ও মানসিক ক্লান্তি হ্রাস হয়েছে।

ইসিএল ক্রয় ও আর্থিক ব্যবস্থাপনার ক্ষেত্রে উৎকৃষ্ট কার্যসম্পাদন প্রদর্শন করেছে। GeM প্ল্যাটফর্মের মাধ্যমে ১২,২৭৪ কোটি টাকা মূল্যের চুক্তি প্রদান করা হয়েছে, যা লক্ষ্যমাত্রার তুলনায় ২৭% বেশি। আমাদের রেকর্ড অর্জনের মধ্যে রয়েছে সর্বোচ্চ স্ক্র্যাপ বিক্রির মাধ্যমে ৬১.৮৪ কোটি টাকা রাজস্ব অর্জন হয়েছে, GeM-এর মাধ্যমে ৮০০ কোটি টাকারও বেশি ক্রয় সম্পাদন করা এবং 'মেক ইন ইন্ডিয়া' উদ্যোগের অধীনে দেশীয় উৎসকে উৎসাহ প্রদান করেছে।

চাকরি সৃষ্টিতে উল্লেখযোগ্য বৃদ্ধি লক্ষ্য করা গেছে, যা জীবিকা শক্তিশালী করার ক্ষেত্রে ইসিএলের অঙ্গীকারকে প্রতিফলিত করে। সাম্প্রতিক কালে বিপুল সংখ্যক নিয়োগ প্রদান করা হয়েছে, যা গত বছরের গড়ের তুলনায় বেশি। এটি আরও বেশি কর্মসংস্থানের সুযোগ সৃষ্টি করা এবং সম্প্রদায়কে,আরো বেশি সহায়তা করার ক্ষেত্রে আমাদের সক্রিয় দৃষ্টিভঙ্গিকে প্রতিফলিত করে।

এই উপলব্ধি কেবল মাত্র পরিসংখ্যান নয় এগুলো ইসিএল পরিবারের প্রতিটি সদস্যের সম্মিলিত প্রচেষ্টা, নিষ্ঠা এবং পেশাদারিত্বের প্রতিফলন। আপনাদের কঠোর পরিশ্রম, প্রতিশ্রুতি এবং সংস্থার লক্ষ্যের প্রতি অটুট বিশ্বাসের মাধ্যমেই প্রতিটি সাফল্য অর্জন করা সম্ভব হয়েছে।

এই শ্রম দিবসে, আমি সকল কর্মী, শ্রমিক সংগঠন এবং অংশীদারদের প্রতি আমার আন্তরিক কৃতজ্ঞতা জ্ঞাপন করছি। আপনাদের অবদান আমাদের সাফল্যের মূল ভিত্তি, এবং আপনাদের এই নিরন্তর সমর্থন আমাদের আরও বৃহত্তর সাফল্যের পথে পরিচালিত করবে।

আমাদের সামনের দিকে এগিয়ে যাওয়ার লক্ষ্যে আমাদের নিরাপত্তা, উদ্ভাবন, সততা এবং অন্তর্ভুক্তিমূলক প্রবৃদ্ধির প্রতি প্রতিশ্রুতি পুনর্ব্যক্ত করতে হবে। আমাদের উদ্যোগসমূহ যেমন বকেয়া কাজ শূন্যে নামিয়ে আনা (Zero Pendency) অভিযান, উন্নত পর্যবেক্ষণ ব্যবস্থা, আন্তঃবিভাগীয় সমন্বয় এবং নাগরিক ফিডব্যাক ব্যবস্থা আমাদের শাসন প্রক্রিয়া ও পরিষেবা প্রদানকে আরও শক্তিশালী করবে। ভবিষ্যৎ আমাদের সামনে নতুন চ্যালেঞ্জ ও সুযোগ উভয়ই নিয়ে আসবে এবং আমাদের সম্মিলিত শক্তির মাধ্যমে আমরা একটি অধিকতর শক্তিশালী, স্থিতিস্থাপক এবং ভবিষ্যৎ-প্রস্তুত ইসিএল (ECL) গড়ে তুলতে সক্ষম হব।

আসুন আমরা নবউদ্যমে এবং সুনির্দিষ্ট উদ্দেশ্য নিয়ে ঐক্যবদ্ধভাবে কাজ করে যাই, যা কেবল আমাদের সংস্থার প্রবৃদ্ধিই নিশ্চিত করবে না, বরং দেশের অগ্রগতি ও জ্বালানি নিরাপত্তায় গুরুত্বপূর্ণ অবদান রাখবে।


আপনাকে এবং আপনাদের পরিবারের সকলকে আন্তর্জাতিক শ্রমিক দিবসের আন্তরিক শুভেচ্ছা। এই দিন আপনাদের জীবনে সুখ,সমৃদ্ধি, নিরাপত্তা ও প্রেরণা নিয়ে আসুক।

**"আসুন আমরা এগিয়ে চলি,লক্ষ্য সিদ্ধির পথে, ইসিএলের সাথে"**

০১.০৫.২০২৬

(সতীশ ঝা)
অধ্যক্ষ-তথা- পরিচালক অধিকর্তা

ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেডের জনসংযোগ বিভাগ দ্বারা প্রকাশিত





प्रिय सहकर्मियों, कर्मचारियों और ईसीएल परिवार के सदस्यों,

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 2026 के इस प्रभावशाली एवं महत्वपूर्ण अवसर पर, मैं ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड परिवार के प्रत्येक सदस्य को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं और आंतरिक प्रशंसा व्यक्त करता हूँ। यह दिवस सभी क्षेत्रों के श्रमिकों के अदम्य उत्साह, समर्पण और कठिन परिश्रम को सम्मान देने का प्रतीक है, और इससे भी बढ़कर, यह हमारे संगठन की रीढ़ बनने वाले प्रत्येक व्यक्ति के अमूल्य योगदान को विशिष्ट पहचान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

ईसीएल में, हमारा कार्यबल–जिसमें कर्मचारी, संविदा श्रमिक और सहयोगी कर्मी शामिल हैं–ने बदलती चुनौतियों के बीच लगातार धैर्य, अनुशासन और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। आपके सामूहिक प्रयास न केवल हमारी कंपनी की प्रगति को उर्जस्वित करते हैं, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज हम जो भी उपलब्धियाँ मनाते हैं, वे आपकी अटूट निष्ठा और जिम्मेदारी की भावना का ही प्रतिबिंब हैं।

वित्तीय वर्ष 2025–26, ईसीएल के लिए उल्लेखनीय प्रगति, परिवर्तन और सुदृढ़ीकरण का काल रहा है। हमने परिचालन, तकनीकी, सामाजिक, पर्यावरणीय और प्रशासनिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। ये उपलब्धियाँ उत्कृष्टता की दिशा में हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण हैं, साथ ही यह सुनिश्चित करती हैं कि हमारी वृद्धि समावेशी, सतत और कर्मचारी–केंद्रित बनी रहे।

परिचालन के क्षेत्र में, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान 52.085 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर अब तक का सर्वाधिक स्तर दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में सकारात्मक वृद्धि को दर्शाता है। अधिभार हटाव (ओवरबर्डन रिमूवल) हटाने के कार्य में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई, जो 193.843 मिलियन घन मीटर तक पहुंच गई, जो निर्धारित लक्ष्य का 122.69% है–यह बेहतर परिचालन दक्षता और क्षमता उपयोग को दर्शाता है। पूंजीगत व्यय के क्षेत्र में भी वर्ष के दौरान प्रदर्शन सशक्त रहा, जिसमें ईसीएल ने ₹1,368.34 करोड़ का कुल पूंजीगत व्यय हासिल किया, जो वार्षिक लक्ष्य ₹1,225 करोड़ से अधिक है, जो वार्षिक लक्ष्य के 111.70% से भी अधिक है।

264.75 हेक्टेयर भूमि का सफल अधिग्रहण, वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों में से एक रहा है, जिसने हमारी दीर्घकालिक विस्तार रणनीति को सुदृढ़ किया है और भविष्य की खनन गतिविधियों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की है। पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति के तहत भूमिहीन/भू–दाताओं को 256 रोजगार अवसर प्रदान करने के साथ समानांतर रूप से, हमारी समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता भी दृढ़ बनी रही। यह औद्योगिक विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच संतुलन बनाए रखने के हमारे दृष्टिकोण को दर्शाता है।

इस संदर्भ में, एकमुश्त भूमि अधिग्रहण (OTLA) नीति की शुरुआत एक महत्वपूर्ण सुधार का प्रतीक है। भूमि प्रदाताओं को रोजगार के स्थान पर एकमुश्त मुआवजा या वार्षिकी (एन्युटी) प्रदान करने के विकल्प के साथ यह नीति भूमि अधिग्रहण से जुड़ी दीर्घकालीन चुनौतियों का समाधान करती है। यह हितधारकों को अधिक लचीलापन प्रदान करती है, प्रक्रियागत विलंब को कम करती है, और एक अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी प्रक्रिया सुनिश्चित करती है।

सुशासन और पारदर्शिता को और सुदृढ़ करने के लिए, COALRR डिजिटल प्रणाली (चरण–II) को पूर्ण रूप से लागू किया गया है। यह प्रणाली मुआवजा, रोजगार और पुनर्वास प्रक्रियाओं की निर्बाध निगरानी सुनिश्चित करती है, जिसे परियोजना प्रभावित परिवार (PAF) कार्ड के निर्गमन द्वारा समर्थित किया गया है। प्रौद्योगिकी के उपयोग के प्रति ऐसी पहलें बेहतर हितधारक सहभागिता और जवाबदेही के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।

ईसीएल का कल्याण एवं सामुदायिक विकास पर केंद्रित दृष्टिकोण कंपनी की प्राथमिकताओं में निरंतर अग्रणी बना हुआ है। महागामा, गोड्डा में 300–बेड वाले अस्पताल का निर्माण कार्य निरंतर प्रगति पर है, जिसके लिए पहले ही महत्वपूर्ण वित्तीय सहयोग प्रदान किया जा चुका है। इस परियोजना क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को काफी सुदृढ़ करने की उम्मीद है, जिससे कर्मचारियों के साथ–साथ स्थानीय समुदायों को भी लाभ मिलेगा।

इसके अतिरिक्त, परिचालन क्षेत्रों में डिजिटल डिस्पेंसरी की स्थापना से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा परामर्श की उपलब्धता में सुधार हुआ है। ये सुविधाएँ विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में समय पर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करती हैं, जिससे हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और अधिक सुदृढ़ हुई है।

शिक्षा और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता समान रूप से दृढ़ बनी हुई है। डी.ए.वी. विद्यालयों को अनुदान के रूप में पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिससे न केवल कर्मचारियों के आश्रित बच्चों बल्कि आसपास के समुदायों के बच्चों को भी लाभ प्राप्त हुआ है। मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं वित्तीय सहायता भी प्रदान की गई है, जो इस विश्वास को सुदृढ़ करता है कि शिक्षा दीर्घकालिक सामाजिक विकास का प्रमुख आधार है।

विभिन्न स्थानों पर आरओ प्लांट्स तथा वॉटर एटीएम की स्थापना से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता में वृद्धि की गई है। इन पहलों ने परिचालन क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाया है, जो सामुदायिक कल्याण के प्रति हमारे समग्र दृष्टिकोण को दर्शाता है।

ईसीएल ने स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक सहभागिता की संस्कृति को भी सक्रिय रूप से पोषित किया है। वर्ष भर विभिन्न खेलकूद कार्यक्रमों, स्वच्छता अभियानों तथा जनसंपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विविध गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों के बच्चों के लिए आयोजित दस (10) दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर ने रचनात्मकता और समग्र विकास को प्रोत्साहित किया। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ विभिन्न स्थानों पर मनाया गया।

समावेशिता और सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया है। परिवार की महिला सदस्यों के लिए तथा संविदा श्रमिकों के लिए खेलकूद के आयोजनों ने ईसीएल परिवार के भीतर एकता, मनोबल तथा अपनत्व की भावना को सुदृढ़ किया है।

मानव संसाधन का विकास ईसीएल की प्रगति का एक प्रमुख आधार रहा है। वर्ष 2025–26 के दौरान 3,108 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया, जो पिछले पाँच वर्षों में सर्वाधिक रहा है और यह योग्यता को मान्यता देने तथा जीविका प्रगति को सक्षम बनाने के हमारे संकल्प को दर्शाता है।

पहली बार, योग्य जनशक्ति के लाभप्रद उपयोग हेतु एक सुव्यवस्थित पहल की गई। बोर्ड की स्वीकृति के पश्चात, मानव संसाधन का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित करते हुए, 387 उच्च योग्यताधारी कर्मचारियों को अभिज्ञात एवं सत्यापित कर उन्हें विधि, सिविल, विद्युत, यांत्रिक, ई एंड टी, सिस्टम, वित्त, हिंदी एवं पैरामेडिकल सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तैनात किया गया।

डीजीएमएस मानकों को पूरा करने हेतु संवैधानिक अनुपालन के अंतर्गत, संवर्गीकरण के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की गई, जिसके तहत 79 माइनिंग सरदार–सह–शॉट फायरर तथा 15 सर्वेयर को उपयुक्त ग्रेड में शामिल किया गया है। आंतरिक चयन प्रक्रियाओं को सुदृढ़ किया गया, जिसके परिणामस्वरूप भूमि संबंधी कार्यों हेतु 47 अमीन तथा 157 सुरक्षा गार्ड (प्रशिक्षु) तैनात किये गए हैं, जिससे बाहरी एजेंसियों पर निर्भरता में कमी आई है।

सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं को अद्यतन करने के लिए एक व्यापक एवं एक विशेष प्रकार की पहली पहल प्रगति पर है। अब तक 44,653 अभिलेखों में से 27,769 को अद्यतन किया जा चुका है, जिससे पारदर्शिता, सटीकता और कर्मचारी संतुष्टि में सुधार हुआ है तथा सेवानिवृत्ति के बाद होने वाले विवादों में कमी आई है।

सुगम स्थानांतरण, अनुपस्थिति की समस्या के समाधान तथा आवासीय परिस्थितियों में सुधार जैसे सक्रिय उपायों के समर्थन से औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण बने हुए हैं। ये सार्थक प्रयास एक स्थिर एवं उत्पादक कार्य वातावरण के निर्माण में योगदान देते हैं।

ईसीएल ने बेहतर विधिक प्रबंधन के माध्यम से सुशासन को सुदृढ़ किया है, जिसमें मुकदमेबाजी मामलों में 82% से अधिक में सफलता प्राप्त की गई है। विधिक प्रणालियों के डिजिटलीकरण तथा सक्रिय विवाद निवारण तंत्रों के माध्यम से लंबित मामलों में कमी आई है और कार्यकुशलता में वृद्धि हुई है। विधिक सहायता शिविरों का आयोजन किया गया तथा व्यक्तिगत मामलों की विस्तृत समीक्षा कर उनके त्वरित निस्तारण और लंबित स्थिति को कम करने पर विशेष ध्यान दिया गया। इन केंद्रित प्रयासों से मामलों के निपटान में उत्साहजनक एवं सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं।

ईसीएल नवाचार और सतत खनन कार्यों में निरंतर नेतृत्व का प्रदर्शन कर रहा है। कास्ता वेस्ट ब्लॉक में भूमिगत कोयला गैसीकरण (UGC) पायलट परियोजना के चरण–I का सफलतापूर्ण सम्पादन भारत के कोयला क्षेत्र में एक अग्रणी मील का पत्थर है। इसके अतिरिक्त, आधुनिकीकरण के प्रयास जैसे कंटीन्यूअस माइनर तकनीक और उन्नत उपकरणों का अंगीकरण, उत्पादकता और दक्षता को और बढ़ा रहे हैं।

खदान बंदी योजना एवं नियामकीय अनुपालन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। त्रिपक्षीय ऑडिट के उपरांत संशोधित खदान बंदी योजनाएँ तैयार कर प्रस्तुत की गई हैं, जिससे पर्यावरणीय एवं विधिक आवश्यकताओं के अनुपालन को सुनिश्चित किया गया है। एस्क्रो तंत्र के माध्यम से वित्तीय प्रावधान भी किया गया है, जो जिम्मेदार एवं सतत खनन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है।

पर्यावरणीय स्थिरता ईसीएल के परिचालन का एक अभिन्न अंग रहा है। 91 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में 2.22 लाख से अधिक पौधों का रोपण सफलतापूर्वक किया गया है। मियावाकी वृक्षारोपण एवं ड्रोन–आधारित वनीकरण जैसी नवीन पद्धतियों को अपनाया गया है। पर्यावरण एवं वन स्वीकृतियों, खदान बंदी योजना तथा अनुपालन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। फॉग कैनन, रोड स्वीपिंग मशीनें तथा उन्नत निगरानी प्रणालियों जैसे आधुनिक प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू किया गया है। ईसीएल ने आईएसओ प्रमाणन को सफलतापूर्वक बनाए रखा है और जिम्मेदार खनन प्रक्रियाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। हमारे प्रयास सतत एवं पर्यावरण–अनुकूल खनन के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप हैं।

अवसंरचना विकास में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। डालमिया रेलवे साइडिंग (6 MTY क्षमता) को चालू कर दिया गया है, जिससे कोयला निकासी की लॉजिस्टिक्स प्रणाली को और मजबूती मिली है। झालबागान में एक्जीक्यूटिव हॉस्टल, 500 सीटों वाला ऑडिटोरियम जैसे प्रमुख परियोजनाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं राष्ट्रीय स्तर के एक इनडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया, जो कर्मचारियों के कल्याण और संस्थागत अवसंरचना को सुदृढ़ कर रहे हैं। ये विकास कार्य बेहतर लॉजिस्टिक्स, उन्नत जीवन स्थितियों तथा समुदाय के साथ बेहतर सहभागिता में योगदान दे रहे हैं।

सुरक्षा के प्रति ईसीएल की प्रतिबद्धता अडिग बनी हुई है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वर्ष के दौरान दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। उन्नत निगरानी प्रणालियों, उपकरणों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों सहित सुरक्षा अवसंरचना में केंद्रित निवेश के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) के सहयोग सहित उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से बचाव तैयारी को और सुदृढ़ किया गया है। विशेष रूप से, पहली बार एक सर्व–महिला टीम ने अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता में भाग लिया, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। काजोरा में मॉडल स्टोर की स्थापना एक प्रगतिशील मील का पत्थर है, जिसे पूरी तरह से महिला कार्यबल द्वारा संचालित किया जाएगा, जो महिलाओं के सशक्तिकरण और समावेशी कार्यस्थलों को बढ़ावा देने के प्रति ECL की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है।

कंपनी में डिजिटल परिवर्तन को तीव्र गति प्रदान की गई है। एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर (ICCC), व्यापक सीसीटीवी कवरेज, वीडियो एनालिटिक्स तथा RFID–आधारित प्रणालियों के माध्यम से केंद्रीकृत निगरानी और परिचालन नियंत्रण को और सुदृढ़ किया गया है। झांझरा में भूमिगत 5G/LTE पायलट परियोजना अगली पीढ़ी की खनन तकनीक की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्नत संचार, ट्रैकिंग और स्वचालन को सक्षम बनाती है। झांझरा क्षेत्र में गहरी भूमिगत खानों में कार्य परिस्थितियों को और बेहतर बनाने के लिए माइन कूलिंग सेवाओं के तहत बल्क एयर हैंडलिंग सिस्टम और वाटर–कूल्ड चिल्ड एयर प्लांट की स्थापना का कार्य जारी है जो गहरी भूमिगत खानों में कार्यस्थल की आरामदायकता, संचालन की दक्षता और सुरक्षा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा।

ईसीएल ने खरीद एवं वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। GeM प्लेटफॉर्म के माध्यम से ₹12274 करोड़ मूल्य के अनुबंध प्रदान किए गए, जो लक्ष्यों से 27% से अधिक हैं। हमारे रिकॉर्ड उपलब्धियों में अब तक की सबसे अधिक स्क्रैप बिक्री से ₹61.84 करोड़ का राजस्व अर्जित करना, GeM के माध्यम से ₹800 करोड़ से अधिक की खरीद तथा "मेक इन इंडिया" के अंतर्गत स्वदेशी स्रोतों को बढ़ावा देना शामिल है। भूमिगत खदानों में चेयर लिफ्ट मैन राइडिंग सिस्टम की स्थापना जैसे नवोन्मेषी समाधानों के उपयोग से श्रमिकों की कार्यक्षमता में सुधार हो रहा है और कर्मियों के शारीरिक और मानसिक थकान में कमी आ रही है।

रोजगार सृजन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो आजीविका को सुदृढ़ करने के प्रति ईसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हाल के महीनों में बड़ी संख्या में नियुक्तियाँ प्रदान की गई हैं, जो विगत वर्ष के औसत से अधिक हैं जो और ज्यादा अवसर प्रदान करने तथा समुदायों को समर्थन देने के हमारे सक्रिय दृष्टिकोण को प्रदर्शित करती हैं।

ये उपलब्धियाँ केवल आँकड़े नहीं हैं–ये टीम ईसीएल के प्रत्येक सदस्य के सामूहिक प्रयास, समर्पण और पेशेवरता का प्रतीक है। ईसीएल द्वारा स्थापित प्रत्येक मील का पत्थर आपकी कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और संगठन के लक्ष्य में आपके विश्वास से ही संभव हुआ है।

इस श्रमिक दिवस के अवसर पर, मैं सभी कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, श्रमिक संगठनों और हितधारकों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। आपका योगदान हमारी सफलता की नींव हैं, और आपका निरंतर सहयोग हमें और भी बड़ी उपलब्धियों की ओर अग्रसर करेगा।

जैसे–जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमें सुरक्षा, नवाचार, सत्यनिष्ठा और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट करना होगा और हमारी शून्य लंबित स्थिति (Zero Pendency) अभियान, उन्नत निगरानी प्रणालियाँ, विभागीय समन्वय तथा नागरिक प्रतिपुष्टि तंत्र जैसी पहलें शासन व्यवस्था और सेवा प्रदायगी को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगी। भविष्य हमारे सामने नई चुनौतियाँ और अवसर प्रस्तुत करता है, और अपनी सामूहिक शक्ति के साथ हम एक मजबूत, अधिक लचीले तथा भविष्य का सामना करने के लिए पूर्णतः तैयार ईसीएल के निर्माण हेतु सक्षम हैं।

आइए हम सब नए उत्साह और उद्देश्य के साथ मिलकर कार्य करें, जिससे न केवल हमारे संगठन की प्रगति हो, बल्कि देश की उन्नति और ऊर्जा सुरक्षा में भी हमारा योगदान सुनिश्चित हो सके।

आपको एवं आपके परिजनों को श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। यह दिवस आपके जीवन में सुख, समृद्धि, सुरक्षा और प्रेरणा लेकर आए।

हौसलों की उड़ान, ईसीएल की पहचान।

01.05.2026

(सतीश झा)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित



# अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस
## के अवसर पर
## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

**1 मई 2026**

ECL

## ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
सांकतोड़िया, पो०– डिसरगढ़, जिला : पश्चिम बर्द्धमान

